

# 12वीं की 13500 कॉपियां आईं, अभी 2590 ही जांची

**बड़वानी, (नवभारत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य 22 फरवरी से शुरू तो हो गया, लेकिन शुरुआती 5 दिनों में काम की रफ्तार धीमी नजर आ रही है। शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकंडरी विद्यालय क्रं. 1 वैष्णोदेवी रोड स्थित केंद्र पर 12वीं की 13500 उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए पहुंची हैं। इनमें अंग्रेजी की 9000, भौतिक शास्त्र की 1800 और अर्थशास्त्र की 2700 कॉपियां शामिल हैं।



जानकारी अनुसार अब तक केवल 2590 उत्तरपुस्तिकाएं ही जांची जा सकी। इनमें अंग्रेजी की 1420, भौतिक शास्त्र की 320 और अर्थशास्त्र की 850 कॉपियां शामिल हैं। 110 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई है, लेकिन केवल करीब 40 प्रतिशत शिक्षक ही मूल्यांकन के लिए उपस्थित हुए हैं। शिक्षकों की अनुपस्थिति का प्रमुख कारण 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाओं में केंद्राध्यक्ष एवं उपकेंद्राध्यक्ष की जिम्मेदारी बताया जा रहा है।

पानसेमल, खेतिया और अन्य क्षेत्रों के कई शिक्षक इन परीक्षाओं में व्यस्त हैं। इससे मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। मूल्यांकन अधिकारी का कहना है कि आने वाले दिनों में शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी, लेकिन फिलहाल धीमी प्रगति चिंता का विषय बनी हुई है। यदि यही स्थिति रही तो परिणाम घोषित करने की समय-सीमा पर दबाव बढ़ सकता है।

इस वर्ष मूल्यांकन प्रक्रिया में सख्ती बढ़ाई गई है। अब शिक्षकों को मोबाइल एप से उपस्थिति दर्ज करनी होगी और प्रतिदिन जांची गई कॉपियों का विवरण भी अपलोड करना अनिवार्य है। भोपाल स्तर से पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग की जा रही है। कार्य समय भी बढ़ाकर सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक 8 घंटे कर दिया गया है। प्रत्येक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 45 और अधिकतम 60 कॉपियां जांचना अनिवार्य है। 45 से कम कॉपियां जांचने पर टीए-डीए प्रभावित होने की चेतावनी दी गई है। हालांकि सख्ती का उद्देश्य समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण मूल्यांकन बताया जा रहा है, लेकिन कम उपस्थिति और बढ़े लक्ष्य के बीच शिक्षकों पर दबाव बढ़ना तय माना जा रहा है।

### इनका कहना है

सिलसिला पूरी पारदर्शिता और सुरक्षा के बीच चल रहा है। फिलहाल हायर सेकंडरी की उत्तर पुस्तिकाएं जांच में हैं। द्वितीय चरण में हाईस्कूल की कॉपियां आएंगी।

**अनिल मिश्र, मूल्यांकन अधिकारी बड़वानी**

### जल्द आएंगी 10वीं की कॉपियां

1 मार्च से कक्षा 10वीं की उत्तरपुस्तिकाएं आने की संभावना है। तीन चरणों में कॉपियां भेजी जाएंगी। यदि मूल्यांकन की गति में सुधार नहीं हुआ तो कार्यभार और बढ़ सकता है। मूल्यांकन केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जो सीधे भोपाल माध्यमिक शिक्षा मंडल से जुड़े हैं। प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित वातावरण में चल रही है।

# एचपीवी वैक्सीन लांच

**पानसेमल, (नवभारत)।** केंद्र सरकार ने शनिवार को सर्वाइकल कैंसर से बचने के लिए एचपीवी वैक्सीन का निःशुल्क टीकाकरण शुरू कर दिया। 3 महीने तक निरंतर जारी रहने वाले इस कैंपियन में क्षेत्र की किशोरियों को अभिभावकों की सहमति के बाद लगाया जाएगा।

सीएचसी में नप अध्यक्ष शैलेश भंडारकर, जपंच अध्यक्ष शिला विनोद वसावे, प्रतिनिधि विनोद वसावे और स्टॉफ की मौजूदगी में दो बालिकाओं को टीकाकरण किया। सीबीएमओ राजेश ढोले, बीपीएम राकेश बर्डे, बीईई यशवंत इंदवेकर, मनु जैन, एएनएम व आशा कार्यकर्ता मौजूद थे। सीएचसी अनुसार पानसेमल में ही टीकाकरण किया जा रहा है, इसके बाद उप स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण होगा। आंकड़ों की बात करे तो क्षेत्र में 14 से 15 वर्ष की करीब 1500 से 2000 बालिकाएं हैं, जिनका टीकाकरण किया जाना है। पिता के साथ पहुंची आनंदी ने बताया कि निःशुल्क टीकाकरण की सरकार की यह अच्छी पहल है। प्रत्येक वर्ग के परिवारों को इससे लाभ पहुंचेगा। जपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने टीकाकरण की जानकारी देते हुए मोदी सरकार का आभार जताया है।



## एक नजर में

### बड़वानी में आज मचेगी भगोरिया पर्व की धूम

**बड़वानी।** शहर के दशहरा मैदान पर इस वर्ष भी रविवार को भगोरिया पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। शहर सहित आसपास के कई ग्रामों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होंगे। जहां लगे झूलों का बच्चों और युवाओं द्वारा आनंद उठाया जाएगा। वहीं दुकानों पर ग्रामीण जमकर खरीदी करेंगे। इस दौरान शहर सहित पाटी बोकराटा, अंजड़ और अन्य क्षेत्रों से ढोल-मांदल आएंगी। दशहरा मैदान में रंग-गुलाल की दुकानें सजी हैं। टेंट और पानी की व्यवस्था भी की गई है। ग्रामीणजन पारम्परिक वेशभूषा में सज-धजकर दशहरा मैदान पहुंचेंगे। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का दौरा कार्यक्रम

**बड़वानी।** प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल 1 मार्च को सुबह 11 बजे जुलवानिया से आकर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर दोपहर 12 बजे जुलवानिया से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। दोपहर 12.30 बजे नागलवाड़ी में अधिकारियों की बैठक लेकर दोपहर 1 बजे नागलवाड़ी से बड़वानी के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रभारी मंत्री डॉ गौतम टेटवाल 2 मार्च को सुबह 8 बजे बड़वानी से नागलवाड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 9 बजे नागलवाड़ी आगमन एवं मंत्रीपरिषद की बैठक में सम्मिलित होकर शाम 6 बजे जुलवानिया से सारंगपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक को पुन: टियर-2 बॉन्ड्स की रेटिंग

**इंदौर.** आईसीआरए लिमिटेड ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के टियर-2 बॉन्ड्स की क्रेडिट रेटिंग को स्टेबल के साथ पुन: पुष्टि की है. यह अपडेट 26 फरवरी 2026 को स्टॉक एक्सचेंजों को दिया गया. रेटिंग बैंक की मजबूत वित्तीय स्थिति और स्थिर प्रदर्शन को दर्शाती है. आईसीआरए के अनुसार, बैंक की रेटिंग उसके मजबूत रिटेल एसेट फ्रैंचाइज़, स्वस्थ परिसंपत्ति गुणवत्ता, मजबूत आय क्षमता और पर्याप्त पूंजीकरण पर आधारित है. बैंक को हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी भी मिली है. यह बदलाव स्न्ङ्ग2027 तक पूरा होने की संभावना है और इससे बैंक की प्रतिस्पर्धी क्षमता और बढ़ने की उम्मीद है. आईसीआरए ने कहा कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक पर्याप्त रूप से पूंजीकृत है और यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के बाद भी मजबूत पूंजी बफर बनाए रखने की स्थिति में रहेगा.

### अमेजन पर होली एसेंशियल्स के साथ रंगों का त्योहार

**इंदौर.** इस होली, अमेज़न बाजार गुणवत्ता और किफायतीपन कोसाथ लाकर हर भारतीय के लिए होली को बेहद कम कीमतों पर मनाना आसान बनारहा है. ग्राहक होली के जरूरी सामान और त्योहारी आवश्यकताओं की विस्तृत श्रृंखलाबहुत ही किफायती कीमतों पर खरीद सकते हैं. ग्राहक 299 रुपये से कम में होलीएसेंशियल्स प्राप्त कर सकते हैं, सभी ऑर्डर पर अतिरिक्त कैशबैक और फ्री डिलीवरीका आनंद ले सकते हैं, और मेगा डिस्काउंट्स अनलॉक कर सकते हैं. किफायती त्योहारी शॉपिंग के लिए भारत की भरोसेमंद जगह, अमेज़न बाजार के साथ रंगों केत्योहार का आनंद लें. होली फेस्टिवल सफेद टी-शट- 269 रुपये में मिलेगी. इस रंगीन ग्राफिक टी-शर्ट के साथ अपने त्योहार लुक में रंग भरें, जिसे होलीकी हर सेल्फी में अलग दिखने के लिए डिजाइन किया गया है.

### माधवनाथ महाराज की पुण्यतिथि पर महोत्सव 2 से

**इंदौर.** साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान में 2 से 9 मार्च तक योगाभ्यानंद माधवनाथ महाराज के 90वें पुण्यतिथि महोत्सव का दिव्य आयोजन होगा. इस दौरान प्रतिदिन सुबह के सत्र में सामूहिक ग्रन्थ पाठ एवं महाराजश्री का रुद्राभिषेक तथा दोपहर एवं रात्रि में अनेक प्रख्यात भजन एवं कीर्तन मंडलों के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे. महोत्सव में देशभर के श्रद्धालु आएँगे. श्रीनाथ मंदिर संस्थान ट्रस्ट के अध्यक्ष, पूर्व राज्यपाल एवं न्यायमूर्ति वीएस कोकजे ने बताया कि महोत्सव में प्रतिदिन शाम 6 बजे से टिटवाला, महाराष्ट्र की प्रसिद्ध कीर्तनकार ह.भ.प.सौ. ज्ञानदा बुरसे पंडित के मनोहारी संकीर्तन होंगे. 8 मार्च को सांय 7.30 बजे ओंकार स्वरूपा' कार्यक्रम के तहत गायक एवं संगीतकार श्रीधर फड़के और शिल्पा पुणताम्बेकर अपने भावगीत, भक्ति गीत एवं अभंगों की प्रस्तुतियां देंगे.

### सोनाक्षी-जहीर ने वेयर द हार्ट के लिए घर के द्वार खोले

**इंदौर.** एशियन पेंट्स वेयर द हार्ट इज़ सीज़न 9 के नए एपिसोड में, बॉलीवुड के प्यारे कपल ने 'सा'दा' के द्वार खोले, जिसका अरबी में अर्थ है 'खुशी और आनंद' और संस्कृत में इसका मतलब है 'सरल', जिसका अर्थ है ज़िंदगी की सरल ख़ुशियां. यह पेंटहाउस कपल की उस सोच को दर्शाता है जहां कम्फर्ट को तवज्जो दी गई है. यहां किसी भी चीज़ को छूने, एक जगह से दूसरी जगह हटाने में कोई हिचक नहीं होती और यहां आप सहजता से खुशी से झूम सकते हैं. सोनाक्षी सिन्हा बताती हैं कि घर का एक हिस्सा बीच होम्स और प्राकृतिक टेक्सचर से प्रेरित है, जो उस हिस्से को बहुत सौम्य और आरामदायक बनाते हैं. सोनाक्षी कहती हैं मुझे पत्थर की दीवारें और कंक्रीट का फर्श बहुत पसंद है, लेकिन मैंने रंगों को हल्का रखा है क्योंकि इस रिश्ते में मैं खुद रंगीन इंसान हूं. घर का दूसरा हिस्सा ज़हीर की पसंद के अनुसार सजाया गया है, जो न्यूयॉर्क के लॉफ्ट स्टाइल की तरह ज़्यादा व्यवस्थित और खूबसूरत है.

### स्मार्ट अर्नर्स के बीच बढ़ा पर्पस-लेड कर्ज का रुझान

**इंदौर.** कोटक महिंद्रा बैंक ने शहरी भारत में पर्सनल लोन के रुझानों में एक बड़ा बदलाव देखा है. अब आर्थिक रूप से अनुशासित और अच्छी आय वाले (वेतनभोगी) ग्राहक मजबूरी या संकट के बजाय एक रणनीतिक फैसले के तहत लोन को चुन रहे हैं. पर्सनल लोन अब अपनी पुरानी सिर्फ इमरजेंसी वाली छवि से बाहर निकल रहे हैं. वे अब वित्तीय बढ़त के साथ-साथ अच्छी सेहत, वेलनेस, नए अनुभवों और जीवन के महत्वपूर्ण पड़ावों को भी निवेश जितना ही ज़रूरी मान रहे हैं. अमित पाठक, बिजनेस हेड पर्सनल लोन, कोटक महिंद्रा बैंक ने कहा हम विश्वास से भरा एक बदलाव देख रहे हैं- मज़बूत आय और अनुशासित निवेश की आदत वाले ग्राहक अब अपने पोर्टफोलियो को बेचे बिना अपने ज़रूरी लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पर्सनल लोन का इस्तेमाल कर रहे हैं.

# 5 वर्षीय हसनैन ने रखा अपना पहला रोजा

**निवाली, (नवभारत)।** नन्हीं उम्र, बड़ा जज़्बा, 5 साल के हसनैन ने अपनी ज़िंदगी का पहला रोज़ा मुकम्मल किया।



### बच्चों में भी उत्साह

रमज़ान के इस बरकत वाले महीने में जहां मुस्लिम समाज के बड़े बुजुर्ग मस्जिदों और घरों में इबादत में मशगूल नज़र आ रही हैं, वहीं बच्चों में भी भारी उत्साह देखा जा रहा है। इसी कड़ी में हसनैन पिता अब्दुल्ला ने महज 5 साल की मासूम उम्र में अपना पहला रोज़ा रखकर सबको हैरान और खुश कर दिया।

कड़ी धूप और प्यास के बावजूद हसनैन ने पूरे दिन सब्र रखा और शाम को परिवार के साथ इफ्तार किया। पिता अब्दुल्ला और पूरे परिवार ने हसनैन की इस हिम्मत की सराहना की और उसके उज्वल भविष्य के लिए दुआएं मांगी।

# होली: इस वर्ष भी डिजाइनर कस्टमाइज्ड कपड़ों का ट्रेंड

- शुभ संदेश कपड़ों में नजर आएंगे युवा
- बाजार में दिखने लगी पर्व की रौनक

**बड़वानी, (नवभारत)।** रंगों से सराबोर करने वाला होली पर्व जल्द ही आने वाला है। इसके पहले ही रंग रंगीले पर्व की रौनक बाजार में दिखने लगी है। होली के लिए लोग अभी से तैयारी कर रहे हैं।



इस साल सभी डिजाइनर कस्टमाइज्ड कपड़ों का ट्रेंड युवाओं को भा रहा है। जिसे सभी उम्र के लोग पसंद कर रहे हैं। सफेद कुर्ता-पायजामा, टाई-डाई प्रिंट, पेस्टल शेड्स ड्रेसेस पसंद कर रहे हैं। सफेद रंग कपड़ों पर लोग अपनी पसंद अनुसार डिजाइन करा रहे हैं। कपल, सिंगल कस्टमाइज्ड डिजाइन बनवा रहे हैं। जिनमें ब्रज की होली के साथ श्रीराधा कृष्ण, मोरपंख, युवक-युवती की तस्वीर, होली के शुभ संदेश कपड़ों में नजर आएंगे। साड़ी, सलवार शूट्स, दुपट्टा, टी शर्ट, कुर्ता पायजामा, जैकेट आदि में होली त्यौहार को यादगार बनाने के लिए डिजाइन करा रहे हैं। यह पोशाक हर रेंज में उपलब्ध है, इसलिए हर खास-ओ आम को भा रही हैं।

### अपनी पसंद अनुसार करा रहे हैं प्रिंट

सफेद कुर्ता-पायजामा क्लासिक और एवरग्रीन, सफेद सलवार-कुर्ती ट्रेंड में है। इसमें लोग अपनी पसंद अनुसार प्रिंट करा रहे हैं। टाई-डाई प्रिंट रंगीन और आकर्षक, टाई-डाई प्रिंट इस साल का नया ट्रेंड है, जिसमें कपड़ों को कई रंगों के साथ डाई किया जा रहा है। जिसमें उत्सव की रंगत और खुशी की झलक दिखेगी।

डिजाइनर श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि न्यू कपल टी-शर्ट, युवती कुर्ती, साड़ी, कुर्ता-पायजामा सबसे अधिक पसंद कर रहे हैं। होली के रंगों में ब्रज की होली, मोरपंख, कई रंगों वाली ड्रेस भी पसंद आ रही है। स्पेशल डिजाइन में एक सप्ताह लगता है।

### सबसे अधिक पसंद

डिजाइनर श्रद्धा अग्रवाल ने बताया कि न्यू कपल टी-शर्ट, युवती कुर्ती, साड़ी, कुर्ता-पायजामा अधिक पसंद कर रहे हैं। होली के रंगों में ब्रज की होली, मोरपंख, कई रंगों वाली ड्रेस पसंद आ रही है। स्पेशल डिजाइन में सप्ताह लगता है।

# नगर निगम ने खालसा कॉलेज की दुकानें की सील, महापौर ने खुलवाई

- संपत्ति कर बकाया होने पर की थी कार्रवाई

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** आज नगर निगम द्वारा खालसा कॉलेज की सभी दुकानें सील करने की कार्रवाई की. दुकानें सील करने का कारण यह है कि खालसा कॉलेज पर नगर निगम का संपत्तिकर बकाया है. कॉलेज प्रबंधन को निगम द्वारा पहले भी नोटिस दिए गए थे, लेकिन निगम का टैक्स जमा नहीं किया गया. खास बात यह है कि नगर निगम द्वारा पूर्व में भी खालसा कॉलेज का प्रिंसिपल और स्टॉफ रूम सील किया गया है.




### व्यापारी पहुंचे महापौर के पास

बताया जा रहा है कि महापौर पुष्यमित्र भार्गव के पास कुछ व्यापारी दुकानें सील करने की शिकायत लेकर पहुंचे. महापौर ने निगमायुक्त से बात कर दुकानें खुलवाई. आज महापौर खालसा कॉलेज के पास ही जनता चौपाल में शिकायतें और समस्या सुन रहे थे.

नगर निगम ने आज शहर के प्रसिद्ध खालसा कॉलेज और स्टेडियम में बनी 110 दुकानें सील कर दी. इसके पहले भी ऑफिस और प्राचार्य रूम को सील करने के कारवाई की जा चुकी है. नगर निगम ने उक्त कॉलेज पर संपत्ति कर का करीब पौने दो करोड़ रुपए टैक्स बकाया है. नगर निगम राजस्व विभाग ने आज राजमोहल्ला चौराहे पर स्थित एमबी खालसा कॉलेज ने नगर निगम का 2019-2020 से टैक्स जमा नहीं किया है. खालसा कॉलेज पर 1 करोड़ 76 लाख रुपए से ज्यादा राशि बकाया है. उसमें से करीब 15 लाख रुपए जमा कराए है. इस साल 1 करोड़ 63 लाख रुपए निगम के खाते में बकाया आ रहा है. उक्त राशि की वसूली को लेकर आज नगर निगम राजस्व विभाग ने खालसा कॉलेज की स्टेडियम की दुकानें सील कर दी. झोन 2 के सहायक राजस्व अधिकारी अखिलेश मालवीय ने बताया कि कालेज द्वारा टैक्स की राशि जमा नहीं की जा रही है. इसलिए आज दुकानें सील की है. दुकानें खोलने को लेकर उन्होंने बताया कि आयुक्त को पैसा जमा करने का कॉलेज प्रबंधन ने आश्वासन दिया है, इसलिए दुकानें खुल गई.

# 'हर्बल' के नाम पर केमिकल रंगों की बिक्री

- मार्बल पाउडर मिले गुलाल से सेहत पर खतरा

**नवभारत न्यूज**

**इन्दौर. देशभर में रंगों के त्योहार होली की तैयारियां जोरों पर हैं, लेकिन बाजार में बिक रहे कथित 'हर्बल' रंगों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. शहर में सामने आया है कि हर्बल बताकर बेचे जा रहे रंगों में केमिकल डाई, सिंथेटिक पिगमेंट और यहां तक कि मार्बल पाउडर (संगमरमर का चूरा) तक मिलाया जा रहा है. सस्ते दाम पर अधिक मुनाफा कमाने के लिए कुछ कारोबारी लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं.**

विशेषज्ञ यह भी बताते हैं कि कुछ रंगों में औद्योगिक डाई का उपयोग किया जाता है. इनका सीधे त्वचा पर इस्तेमाल बेहद खतरनाक हो सकता है. कई मामलों में ऐसे रंगों से बाल झड़ना, स्कैल्प इंफेक्शन और त्वचा का रंग अस्थायी रूप से बदलने जैसी शिकायतें सामने आई हैं. त्वचा रोग विशेषज्ञ जयेश कोठारी डर्मेटोलॉजिस्ट के अनुसार ऐसे रंगों से कॉन्टैक्ट डर्मेटाइटिस, फंगल इंफेक्शन और आंखों में जलन जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ती हैं. आंखों में मार्बल पाउडर या केमिकल रंग जाने से कॉर्निया को नुकसान हो सकता है, जिससे अस्थायी या गंभीर मामलों में स्थायी दृष्टिहानि का खतरा भी रहता है.

### मार्बल पाउडर मिला गुलाल सस्ता, लेकिन खतरनाक



सबसे चिंताजनक मामला गुलाल में मार्बल पाउडर मिलाने का हैय मार्बल पाउडर बेहद महीन धूल की तरह होता है, जो त्वचा के रोमछिद्रों में जाकर खुजली, एलर्जी और रैशेज पैदा कर सकता है. जब यह पाउडर हवा में उड़ता है तो सांस के जरिए फेफड़ों तक पहुंच सकता है, जिससे खांसी, सांस लेने में तकलीफ और दमा के मरीजों में अटैक का खतरा बढ़ जाता है. बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह और भी ज्यादा हानिकारक साबित हो सकता है.

**कैसे करें पहचान**-डॉक्टरों की सलाह है कि रंग खरीदते समय पैकेट पर हर्बल या नेचुरल लिखा होने मात्र से भरोसा न करें. विश्वसनीय ब्रांड और प्रमाणित उत्पाद ही लें. घर पर फूलों, हल्दी, बेसन या आटे से भी सुरक्षित रंग तैयार किए जा सकते हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि असली हर्बल रंग फूलों, हल्दी, चंदन, पलाश और अन्य प्राकृतिक स्रोतों से तैयार किए जाते हैं, जिनसे त्वचा को नुकसान नहीं होता.

**यह सावधानी रखें**-होली खेलने से पहले त्वचा और बालों पर सरसों या नारियल का तेल लगाने से रंगों का असर कम होता है. अगर रंग खेलने के बाद त्वचा पर तेज जलन, खुजली, आंखों में दर्द या सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें. आंखों में रंग जाने पर रगड़ने के बजाय साफ पानी से धोना चाहिए. होली खुशियों और उमंग का त्योहार है, लेकिन थोड़ी सी लापरवाही इसे परेशानी में बदल सकती है. जरूरी है कि उपभोक्ता सजग रहें और प्रशासन सख्ती बरते, ताकि 'हर्बल' के नाम पर जहर बेचने वालों पर लगाम लगाई जा सके. इस विषय पर हमारे संवाददाता द्वारा विभिन्न विभागों में अधिकारियों से बात की गई जिसमें किसी भी विभाग के अधिकारियों ने कार्रवाई के लिए संतोषप्रद जवाब नहीं दिय.

**एक नजर में** — वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के आठवें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए लोक सभा अध्यक्ष

# युवाओं की ऊर्जा और क्षमता भारत की सबसे बड़ी शक्ति : बिरला

**नवभारत न्यूज़**

**इन्दौर. भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवा हैं और वही देश के समग्र व प्रगतिशील भविष्य का निर्माण करेंगे। देश के समग्र एवं प्रगतिशील भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी आज युवा ही उठा रहे हैं. भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवाओं की ऊर्जा और क्षमता है.**

यह बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कही. वे श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने प्रेरक संबोधन में युवाओं को देश की सबसे बड़ी ताकत बताया. उन्होंने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसके युवाओं की ऊर्जा, क्षमता और नवाचार है, जो राष्ट्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में सक्षम है. उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें वैष्णण विश्विविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में अध्ययन का अवसर मिला. युवाओं से उन्होंने आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा और क्षमता का उपयोग देश के विकास के लिए करें.



### शिक्षा हर समस्या का समाधान

सांसद शंकर लालवानी ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और सामाजिक पहल की सराहना की. उन्होंने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा संस्थान युवाओं में आत्मनिर्भरता का भाव विकसित कर रहे हैं. जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि शिक्षा हर समस्या का समाधान है. उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट पेशेवर बनने के साथ-साथ एक संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनना भी उतना ही जरूरी है.

**16 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, 32 को पीएचडी**-दीक्षांत समारोह का औपचारिक उद्घाटन कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी द्वारा किया गया. स्वागत उद्बोधन में उन्होंने विशिष्ट अतिथियों, प्राध्यापकों, स्नातक विद्यार्थियों एवं उनके परिजनों का अभिनंदन किया. कुलगुरु प्रो. डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों, शोध पहलों, प्लेसमेंट तथा गत वर्ष की संस्थागत प्रगति पर प्रकाश डाला. दीक्षांत समारोह में स्नातकोत्तर और स्नातक कोर्स के 2008 विद्यार्थियों तथा 32 पीएचडी शोधार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गई. वहीं लोकसभा स्पीकर ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए 16 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया.